**संस्कृति मंत्रालय**

**प्रधानमंत्री के स्मृति चिन्हों की ई-नीलामी: 17 सितंबर, 2021 से 7 अक्टूबर, 2021**

**प्रमुख वस्तुएं**

| क्र. सं. | उत्पाद का कोड | उत्पाद का नाम | वस्तु का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | जी2026 | फेंसिंग | इस फेंस यानी तलवार का इस्तेमाल सी. ए. भवानी ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में तलवारबाज़ी में किया था। वे एक कुशल भारतीय फेंसर हैं और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज़ हैं। |
| 2. | जी2027 | बॉक्सिंग ग्लव्ज़ | इन बॉक्सिंग ग्लव्स का इस्तेमाल लवलीना बोरगोहेन ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में वेल्टरवेट श्रेणी में कांस्य पदक जीतने के लिए किया था। |
| 3. | जी2030 | हॉकी स्टिक | इस रक्षक ब्रांड की हॉकी स्टिक का इस्तेमाल टोक्यो ओलंपिक 2020 में महिला हॉकी टीम ने किया था। इस हॉकी स्टिक पर टोक्यो ओलंपिक 2020 गई पूरी महिला हॉकी टीम के ऑटोग्राफ हैं। |
| 4. | जी2031 | जेवलिन | इस जेवलिन का इस्तेमाल नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना अभिवादन देते हुए नीरज चोपड़ा ने इस जेवलिन पर ऑटोग्राफ दिया है। |
| 5. | जी2032 | अंगवस्त्र | टोक्यो 2020 ओलंपिक टीम के हस्ताक्षर वाला अंगवस्त्र। |
| 6. | जी2029 | हॉकी स्टिक | इस रक्षक ब्रांड की हॉकी स्टिक का इस्तेमाल टोक्यो ओलंपिक 2020 में पुरुषों की हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतने के लिए किया। इस हॉकी स्टिक पर टोक्यो ओलंपिक 2020 गई पुरुषों की पूरी हॉकी टीम के ऑटोग्राफ हैं। |
| 7. | जी2028 | बैग सहित बैडमिंटन रैकेट | ऑटोग्राफ युक्त इस बैडमिंटन रैकेट का इस्तेमाल पी. वी. सिंधु द्वारा 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने के लिए किया गया। ये रैकेट बैडमिंटन बैग के साथ आता है। |
| 8. | जी1801 | नाव | कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट द्वारा अपनी 150वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ये लकड़ी की नाव का मॉडल दिया गया। |
| 9. | जी1937 | राम मंदिर | लकड़ी से बनी राम मंदिर की एक विस्मयकारी, विस्तृत प्रतिकृति। |
| 10. | जी1966 | रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, वाराणसी | वाराणसी में रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर की प्रतिकृति। ये प्रतिकृति इसकी संरचनाओं को बहुत वास्तविक रूप से प्रदर्शित करती है और आध्यात्मिकता के इसके सार को रोशन करती है। |
| 11. | जी1973 | मिशन 2019 (अंग्रेजी में) | ये फ्रेम की गई तस्वीर हिंदी में लिखा गया एक मिशन स्टेटमेंट दिखाती है, जिसके हर तरफ फ्लोरल बॉर्डर बने हैं। |
| 12. | जी1676 | राष्ट्रीय पुलिस स्मारक की प्रतिकृति | पुलिस स्मारक की एक बारीकी से निर्मित प्रतिकृति। |
| 13. | जी1679 | विजय मशाल का स्मृति चिन्ह | कांच के एक बक्से में विजय मशाल का स्मृति चिन्ह। ये मशाल तीन-स्तरीय है और एक आधार पर स्थित है। इसका ऊपरी भाग धातु से बना है जबकि हत्था एक काली परत से ढका हुआ है। कारगिल युद्ध दिवस के 20 साल पूरे होने पर जनरल बिपिन रावत द्वारा इसे प्रधानमंत्री को भेंट किया गया था। |
| 14. | जी1757 | मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण लाइन ए2 | मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण लाइन 7 को दर्शाने वाली ट्रेन का छोटा मॉडल जिसे प्लास्टिक ट्यूब के अंदर रखा गया था। मेट्रो-2ए (दहीसर-डीएन नगर) और मेट्रो-7 (दहीसर ई-अंधेरी ई) की प्राथमिक रेक को बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की उत्पादन इकाई में उद्घाटित किया गया था। ये भारत में देशज रूप से निर्मित पहली चालक रहित मेट्रो कार भी है। |
| 15. | जी1758 | मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण लाइन 7 | मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण लाइन 7 का प्रतिनिधित्व करने वाली ट्रेन का छोटा मॉडल जिसे प्लास्टिक ट्यूब के अंदर रखा गया था। मेट्रो-2ए (दहीसर-डीएन नगर) और मेट्रो-7 (दहीसर ई-अंधेरी ई) की प्राथमिक रेक को बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की उत्पादन इकाई में उद्घाटित किया गया था। ये भारत में देशज रूप से निर्मित पहली चालक रहित मेट्रो कार भी है। |
| 16. | जी1906 | चार धाम | यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिर, इन चार धामों का एक खूबसूरती से निर्मित और बड़ा ही जटिल बारीक छोटा मॉडल। इस हिंदू मंदिर की तमाम विशेषताओं को लकड़ी के इस मॉडल में खूब अच्छे से उकेरा गया है। |
| 17. | जी2045 | सूर्यकांत त्रिपाठी निराला | कंधे तक लंबे बाल और लंबी दाढ़ी वाली सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की आदमकद मूर्ति। इसमें उन्हें गंभीर मुद्रा में दिखाया गया है, जहां उनकी नीचे की ओर झुकी आंखें, स्थिर निगाह और सिमटे होठ उनकी मौजूदगी की रहस्यवादी उत्कृष्टता को उभारते हैं। ये मूर्ति प्रधानमंत्री को गौतम राय ने भेंट |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | की थी। |
| 18. | जी2125 | बैडमिंटन रैकेट | टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन के सिल्वर मेडलिस्ट सुहास लालिनाकेरे □□□□□□ द्वारा ऑटोग्राफ किया गया बैडमिंटन रैकेट।<br>इस बैडमिंटन रैकेट का इस्तेमाल सुहास लालिनाकेरे यतिराज ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के दौरान रजत पदक जीतने के लिए किया था। |
| 19. | जी2126 | बैडमिंटन रैकेट | टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन के गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत द्वारा ऑटोग्राफ किया गया बैडमिंटन रैकेट।<br>इस बैडमिंटन रैकेट का इस्तेमाल प्रमोद भगत ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के दौरान स्वर्ण पदक जीतने के लिए किया था। |
| 20. | जी2127 | बैडमिंटन रैकेट | टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में बैडमिंटन के गोल्ड मेडलिस्ट कृष्णा नागर द्वारा ऑटोग्राफ किया गया बैडमिंटन रैकेट।<br>इस बैडमिंटन रैकेट का इस्तेमाल कृष्णा नागर ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के दौरान स्वर्ण पदक जीतने के लिए किया था। |
| 21. | जी2129 | तीरंदाजी उपकरण (तीर) | टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में तीरंदाजी के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह द्वारा ऑटोग्राफ किया गया तीरंदाजी उपकरण (तीर)।<br>इस तीरंदाजी उपकरण का इस्तेमाल हरविंदर सिंह द्वारा किया गया था, जिन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में एकल रिकर्व ओपन इवेंट में कांस्य पदक के लिए नॉकआउट के जरिए तीन रोमांचक शूट-ऑफ में जीत पाई थी। |
| 22. | जी2130 | ऑटोग्राफ किया हुआ टेबल टेनिस रैकेट | टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों की रजत पदक विजेता भावना पटेल द्वारा ऑटोग्राफ किया गया टेबल टेनिस रैकेट।<br>ये वही टेबल टेनिस रैकेट है जिसका इस्तेमाल टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में भावना पटेल ने किया था। |
| 23. | जी2131 | डिस्कस | टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में रजत पदक जीतने वाले योगेश खातुनिया द्वारा ऑटोग्राफ किया गया डिस्कस।<br>इस डिस्कस का इस्तेमाल योगेश खातुनिया ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में किया था और डिस्कस थ्रो में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपने ऑटोग्राफ वाला ये डिस्कस भेंट किया था। |
| 24. | जी2131 | शूटिंग ग्लासेज | ये शार्प शूटिंग ग्लासेज़ मनीष नरवाल ने पहने थे, जिन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में मिक्स्ड 50 मीटर पिस्टल एसएच1 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता था।<br>उन्होंने प्रधानमंत्री को ये शूटिंग ग्लास भेंट किया। |
| 25. | जी2133 | टी-शर्ट | ये टी-शर्ट मनीष नरवाल ने पहनी थी, जिन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में मिक्स्ड 50 मीटर पिस्टल एसएच1 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता था।<br>ये ऑटोग्राफ की हुई टी-शर्ट मनीष नरवाल ने प्रधानमंत्री को भेंट की। |
| 26. | जी2134 | टी-शर्ट | ये चटख, सफेद रंग की टी-शर्ट अवनि लेखरा ने पहनी थी, जिन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में इतिहास रचते हुए 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग में स्वर्ण पदक और 50 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग में कांस्य पदक जीता था।<br>ऑटोग्राफ वाली ये टी-शर्ट प्रधानमंत्री को अवनि लेखरा ने भेंट की थी। |
| 27. | जी2135 | टी-शर्ट | चेरी जैसे लाल रंग की ये टी-शर्ट भावीना पटेल ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में पहनी थी जहां उन्होंने रजत जीतते हुए भारत के लिए पहला पदक हासिल किया था।<br>ये ऑटोग्राफ वाली टी-शर्ट उन्होंने प्रधानमंत्री को भेंट की। |
| 28. | जी2136 | भगवान कृष्ण की मूर्ति | भगवान कृष्ण की ये बेहद सुंदर सजी हुई छोटी मूर्ति प्रधानमंत्री को अवनि लेखरा द्वारा भेंट की गई थी। अवनी ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग में स्वर्ण पदक और 50 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग में कांस्य पदक जीता था। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | जी2137 | अंगवस्त्र | इस सफेद रंग के अंगवस्त्र / स्टोल पर टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों के भारतीय दल के ऑटोग्राफ किए हुए हैं। इस ऑटोग्राफ किए हुए अंगवस्त्र / स्टोल को पैरालिंपियनों द्वारा उनके सम्मान में आयोजित ब्रेकफास्ट के दौरान प्रधानमंत्री को भेंट किया गया था। |
| 30. | जी2138 | जेवलिन | इस जेवलिन पर टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में जेवलिन के गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल द्वारा ऑटोग्राफ किया गया है।<br>इस जेवलिन का इस्तेमाल सुमित अंतिल ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में जेवलिन थ्रो एफ64 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने के लिए किया था। |